>

Title: Need to renew the rules/regulations governing Appointments on compassionate grounds in Government Departments.

श्री श्रीपाद येसो नाईक (पणजी) : महोदय, केन्द्र के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभिन्न प्रदेशों की राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों में अनुकम्पा नियुक्ति पाने वाले लोगों की लंबी लंबी कतारें लगी हुई हैं। कई कई वर्षो बाद भी मृतक व्यक्ति के परिवार के सदस्य को अनुकम्पा नियुक्ति नहीं मिल पाती है जिस कारण से उनके परिवारों को पालन पोषण में भारी कठिनाई होती है। आज की तारीख में अनुकम्पा नियुक्ति दिये जाने हेतु जिस प्रकार के नियम सरकार ने बनाये हैं और जिस प्रकार से अनुकम्पा नियुक्ति के मामले लंबित पड़े हुए हैं, उससे लोगों को नौकरी नहीं मिल पाती है और कुछ लोगों की तो आयु भी अधिक हो जाती है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह अनुकम्पा नियुक्ति मामलों में बने नियमों पर फिर से वचार करे ताकि लंबित पड़े मामले शीघ्र निपट सके और लोगों को जल्दी से जल्दी नौकरी मिल सके।

---

* Treated as laid on the Table.